Transcript  of the Sakhi song:

आपके शहर में छायीं खुशियाँ हैं अपार।

सखी दूध भंडार आया आपके द्वार।

आपके शहर में छायीं खुशियाँ हैं अपार।

सखी दूध भंडार आया आपके द्वार।

आया आया देखो ताज़ा दूध आया।

गुणकारी और गाय भैंस का दूध आया।

भाइयों और बहनों, आपके शहर में पहली बार, सखी ताज़ा दूध की आई है बहार।

स्वचालित मशीन द्वारा हो रही है रोज़ दूध की सप्लाइ।

आओ! हम सब दूध खरीदें, इसमें कैसी कठिनाई?

हर स्तर पर होती गुणवत्ता की जाँच, ताकि आपके स्वास्थ्य पर नहीं आए कोई आँच।

आया आया देखो ताज़ा दूध आया।

गुणकारी और गाय भैंस का दूध आया।

भाइयों और बहनों, आपके शहर में पहली बार, सखी ताज़ा दूध की आई है बहार।

ऑनलाइन भुगतान की भी है सुविधा, ऐड्वैन्स बुकिंग में भी ज़रा नहीं है दुविधा।

आपकी सेवा लक्ष्य हमारा, हर घर दूध पहुँचायें, यह उद्देश्य हमारा।

आया आया देखो ताज़ा दूध आया।

गुणकारी और गाय भैंस का दूध आया।

आओ, हम शहरी महिलायें कदम उठायें, ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनायें।

Vocabulary list:

अपार- immense

ख़ुशी छाना- to be filled with happiness

भण्डार (m)- store, depot

द्वार (m)- door

स्वास्थ्य पर आँच आना- to have ill effect on health

भैंस (f)- buffalo

भुगतान - payment

सुविधा (f)- convenience

गुणकारी- with healthy qualities

बहार आना- to bloom, to come in abundance

स्वचालित मशीन - automatic machine

कठिनाई (f)- difficulty

स्तर (m)- level

गुणवत्ता (f)- quality

जाँच (f)- test

दुविधा (f)- doubt, hesitation

सेवा (f)- service

लक्ष्य (m)- goal

उद्देश्य (m)- goal

कदम उठाना- to step up

ग्रामीण- rural

सशक्त- empowered